## 9. हमारी नींद

लेखक परिचय

लेखक- वीरेन डंगवाल

जन्म- 5 अगस्त, 1947 ई०, टिहरी गढ़वाल जिला के कीर्तिनगर में (उत्तरांचल)

मृत्यु- 28 सितम्बर, 2015 ई०

इन्होंने मुजफ़्फ़रनगर, सहारनपुर, कानपुर, बरेली, नैनीताल में शुरुआती शिक्षा प्राप्त करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम० ए० किया।

**प्रमुख रचनाएँ-** विरेन डंगवाल का पहला कविता संग्रह 'इसी दुनिया में' प्रकाशित हुआ। इसके बाद 'दुष्चक्र में स्रष्टा'। इन्होंने विभिन्न कवियों की कविताओं तथा आदिवासी लोक कविताओं का विशाल मात्रा में अनुवाद किया है।

**कविता परिचय-** प्रस्तुत कविता 'हमारी नींद' को वीरेन डंगवाल की काव्य संकलन 'दुष्चक्र में स्रष्टा' से लिया गया है। इसमें सुविधा भोगी आराम पसंद जीवन अथवा हमारी बेपरवाहीयां के बाहर विपरित परिस्थितियों से लगातार लड़ते-बढ़ते जानेवाले जीवन का चित्रण करती है।

## 9. हमारी नींद

**मेरी निंद के दौरान**
**कुछ इंच बढ़ गये पेड़**
**कुछ सुत पौधे**
**अंकुर ने अपने नाम मात्र**
**कोमल सिंगो से**
**धकेलना शुरू की**
**बीज की फुली हुई**
**छत, भीतर से।**

कवि कहते हैं कि मनुष्य सुविधा भोगी बनकर आराम की नींद सोता है लेकिन प्रकृति विकास क्रम को अनवरत जारी रखती है। हमारे नींद के दौरान कुछ इंच पेड़ तथा कुछ सुत पौधे बढ़ जाते हैं। बीज अंकुरित होकर अपनी कोपलों को धकेलना शुरू कर देता है।

**एक मक्खी का जीवन-क्रम पुरा हुआ**
**कई शिशु पैदा हुए, और उनमें से**
**कई तो मारे गए**
**दंगे, आगजनी और बमबारी में।**

कवि एक मक्खी के माध्यम से दीन-हीन लोगों के जीवन के दशा के विषय में कहता है कि उसके बच्चे दीनता के कारण या तो मर गये अथवा अत्याचारियों के कोप के शिकार हो गये, जो दंगे आगजनी और बमबारी में मारे गये।

**गरीब बस्तीयों में भी**
**धमाके से हुआ देवी जागरण**
**लाउडस्पीकर पर।**

पुनः कवि कहते हैं कि जहाँ झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोग हैं जो केवल किसी तरह से अपने पेट की आग शांत करने के अपेक्षा कुछ नहीं जानते हैं वहाँ भी विलासी लोग देवी जागरण तथा अन्य ढ़ोंगी कार्यक्रम की आड़ में लाउडस्पीकर बजवाकर ठगने का कार्य करते हैं।

**याने साधन तो सभी जुटा लिए हैं अत्याचारियों ने**
**मगर जीवन हठिला फिर भी**
**बढ़ता ही जाता आगे**
**हमारी निंद के बावजूद**

कवि कहते हैं कि अत्याचारी सूख-भोग के सारे साधन जमा करने के बावजूद अपने हठी स्वभाव के कारण अन्याय बंद करना नहीं चाहते। उनका जुल्म बढ़ता ही जा रहा है।

**और लोग भी है, कई लोग हैं**
**अभी भी**
**जो भूले नहीं करना**
**साफ और मजबुत**
**इनकार।**

कवि कहते हैं कि आज भी वैसे अनेक लोग हैं जो अपनी सुविधा का त्याग करना नहीं चाहते तो जनता अत्याचारियों के जुल्म का विरोध करने से इनकार करना नहीं भूलती।

**लघु-उत्तरीय प्रश्न (20-30 शब्दों में)___दो अंक स्तरीय**

**प्रश्न 1. 'हमारी नींद' कविता किस प्रकार के जीवन का चित्रण करती है ? (Text Book)**

उत्तर- हमारी नींद कविता सुविधाभोगी, आरामपसंद जीवन अथवा हमारी बेपरवाहियों के बाहर विपरीत परिस्थितियों से लगातार लड़ते हुए बढ़ते जाने वाले जीवन का चित्रण करती है।

**प्रश्न 2. कविता के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए। (Text Book)**

**अथवा, 'हमारी नींद' कविता के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालें। (2013CA, 2014A, 2015A)**

उत्तर- यहाँ शीर्षक विषय वस्तु प्रधान हैं। शीर्षक छोटा है और आकर्षक भी है। इसका शीर्षक पूर्णरूप से केन्द्र में चक्कर लगाता है, जहाँ शीर्षक सुनकर ही जानने की इच्छा प्रकट हो जाती है। अत: सब मिलाकर शीर्षक सार्थक है।

**प्रश्न 3. मक्खी के जीवन-क्रम का कवि द्वारा उल्लेख किये जाने का क्या आशय है?**

**(Text Book ,2013A)**

Excellence Coaching Institute By - Tabrej Alam

उत्तर- मक्खी के जीवन-क्रम का कवि द्वारा उल्लेख किये जाने का आशय है निम्न स्तरीय जीवन की संकीर्णता को दर्शाना। सृष्टि में अनेक जीवन-क्रम चलता रहता है। मक्खी का जीवन-क्रम केवल सुविधाभोगी एवं परजीवी जीवन का बोध कराता है।

**प्रश्न 4. कवि गरीब बस्तियों का क्यों उल्लेख करता है? (Text Book)**

उत्तर- कवि गरीब बस्तियों के उल्लेख के माध्यम से कहना चाहता है कि जहाँ के लोग दो जून रोटी के लिए काफी मसक्कत करने के बाद भी तरसते हैं वहाँ पूजा-पाठ, देवी जागरण जैसा महोत्सव के बहाने कुछ स्वार्थी लोग अपने लाभ के लिए गरीब लोगों का उपयोग करते हैं।

**प्रश्न 5. 'हमारी नींद' शीर्षक कविता में कवि ने किन अत्याचारियों का जिक्र किया है, और क्यों? (Text Book,2011A,2015C,2017A)**

उत्तर- कवि यहाँ उन अत्याचारियों का जिक्र करता है जो हमारी सुविधाभोगी, आरामपसंद जीवन से लाभ उठाते हैं। हमारी बेपरवाहियों के बाहर विपरीत परिस्थितियों से लगातार लड़ते हुए बढ़ते जाने वाले जीवित नहीं रह पाते हैं और इस अवस्था में अत्याचारी अत्याचार करने के बाह्य और आंतरिक सभी साधन जुटा लेते हैं।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

प्रश्न1. 'हमारी नींद' शीर्षक कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है?
(a) दुश्चक्र में स्रष्टा (b) इसी दुनिया में
(c) गता पते की चिट्ठी (d) मन विहंगम
उत्तर-(a) दुश्चक्र में स्रष्टा

प्रश्न2.बीरेन डंगवाल किस दैनिक पत्र के संपादकीय सलाहकार है?
(a) दैनिक जागरण (b) जनसता
(c) अमर उजाला (d) भास्कर
उत्तर-(c) अमर उजाला

प्रश्न3. इसी दुनिया में किसकी कृति है?
(a) रघुवीर सहाय (b) मुक्तिबोध
(c) केदारनाथ अग्रवाल (d) वीरेन डंगवाल
उत्तर-(d) वीरेन डंगवाल

प्रश्न4. कविता में देवी जागरण कहाँ हुआ?
(a) बाजार में (b) गरीब बस्तियों में
(c) शहर में (d) नगर के बीचों-बीच में
उत्तर-(b) गरीब बस्तियों में

प्रश्न5.कविता में किसका जीवन-क्रम पूरा हुआ उल्लिखित है?
(a) मधुमक्खी का (b) पलंग का
(c) मच्छर का (d) मक्खी का
उत्तर-(d) मक्खी का

प्रश्न6. 'हमारी नींद' के रचयिता कौन हैं?
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) वीरेन डंगवाल
(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) कुंवर नारायण
उत्तर-(b) वीरेन डंगवाल

प्रश्न7.वीरेन डंगवाल किस विचारधारा के कवि है?
(a) जनवाद (b) रहस्यवादी (c) रीतिवादी (d) सूफी
उत्तर-(a) जनवाद

प्रश्न8. 'हमारी नींद' में 'नीच' किसका प्रतीक है?
(a) हामीद (b) आलस (c) साहस (d) प्रसन्नता
उत्तर-(b) आलस

प्रश्न9. 'दुश्चक्र में स्रष्टा' पुस्तक पर वीरेन डंगवाल को कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ?
(a) ज्ञानपीठ (b) सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार
(c) साहित्य अकादमी (d) नोबेल पुरस्कार
उत्तर-(c) साहित्य अकादमी

प्रश्न10. वीरेन डंगवाल को उपाधि दी गई:
(a) डी. लिट्
(b) पद्मभूषण
(c) भारत रत्न
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a) डी. लिट्

प्रश्न11. 'हमारी नीद' कविता के कवि ने किसका उल्लेख किया है?
(a) गरीब किसानों का (b) शहर में चैन से सोने वालों का
(c) गरीय बस्तियों का (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(c) गरीय बस्तियों का

प्रश्न12. कवि हमें क्या सलाह देता है?
(a) नींद से सोने की (b) नींद से जगने को
(c) पैर पसारकर सोने की (d) इनमें कोई नहीं
उत्तर-(b) नींद से जगने को

प्रश्न13. 'अत्याचारी' का शाब्दिक अर्थ है:
(a) अन्यायी (b) जिद्दी (c) अस्वीकार (d) इनमें कोई नहीं
उत्तर-(a) अन्यायी

प्रश्न14. 'देवी जागरण' कौन-सा कारक है?
(a) कर्म (b) कर्ता (c) समादान (d) अपादान

Excellence Coaching Institute By - Tabrej Alam

उत्तर-(b) कर्ता
प्रश्न15. 'झगड़ा फसाद' कौन-सा समास है?
(a) द्विगू (b) अव्ययीभाव (c) द्वद (d) तत्पुरुष
उत्तर-(c) द्वंद्व
प्रश्न16. इस जब नींद में होते हैं, तब किसका जीवन-क्रम पूरा हो जाता है
(a) मकड़ी का (b) मछली का
(c) मक्खी का (d) मच्छड़ का
उत्तर-(c) मक्खी का
प्रश्न17. वीरेन डंगवाल की प्रारंभिक शिक्षा कहाँ से हुई ?
(a) मुजफ्फरनगर (b) सहारनपुर (c) कानपुर (d) इनमें सभी
उत्तर-(d) इनमें सभी
प्रश्न18. इन्होंने किस विश्वविद्यालय से एम.ए. की डिग्री प्राप्त की?
(a) पटना जिश्वविद्यालय (b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(c) बरेली विश्वविद्यालय (d) लाहौर विश्वविद्यालय
उत्तर-(b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रश्न19. 'दंगे, आगजनी और बमबारी' से किसका चित्रण हुआ है?
(a) सामाजिक यथार्थ का (b) सामाजिक गंदगी का
(c) असामाजिक तत्त्वों का (d) इनमें कोई नहीं
उत्तर-(a) सामाजिक यथार्थ का
प्रश्न20. कविता के नये प्रतिमान:
(a) वीरेन डंगवाल (b) श्रीकांत वर्मा
(c) प्रेमघन (d) घनानन्द
उत्तर-(b) श्रीकांत वर्मा
प्रश्न21. 'टिहरी-गढ़वाल' कहाँ अवस्थित है?
(a) असम में (b) पश्चिम बंगाल में
(c) विहार में (d) उत्तराखण्ड में
उत्तर-(d) उत्तराखण्ड में
प्रश्न22.वीरेन डंगवाल का जन्म कब हुआ?
(a) 5 अगस्त, 1947 को
(b) 15 अगस्त, 1948 को
(c) 5 आस्त, 1949 को
(d) 15 अगस्त, 1950 को
उत्तर-(a) 5 अगस्त, 1947 को
प्रश्न23.वीरेन डंगवाल का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) राँची, झारखण्ड (b) बिहया, बिहार
(c) आसनसोल, प. बंगाल (d) उत्तराखण्ड
उत्तर-(d) उत्तराखण्ड

प्रश्न24. वरिन डंगवाल का काव्य संग्रह है:
(a) दुरुचक्र में स्रष्टा (b) इसी दुनिया में
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(b) इसी दुनिया में
प्रश्न25. गरीब बस्तियों में क्या हुआ?
(a) कई शिशु पैदा हुए
(b) दंगे, आगजनी और बमबारी
(c) धमाके से देवी जागरण
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(c) धमाके से देवी जागरण
प्रश्न26. वीरेन डंगवाल को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है?
(a) इसी दुनिया में (b) दुष्चक्र में सुष्या
(b) पहला पुस्तिका (d) कवि ने कहा।
उत्तर-(b) दुष्चक्र में सुष्या
प्रश्न27. परदे श की विद्या पढ़ने का क्या परिणाम हुआ?
(a) सबकी बुद्धि भारतीय हो गई
(b) सबकी बुद्धि विदेशी हो गई
(c) सबकी बुद्धि आध्यात्मिक हो गई
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(b) सबकी बुद्धि विदेशी हो गई

Excellence Coaching Institute By - Tabrej Alam